# समाचार

## पेड़–पौधे हैं तो जीवन हैं, इन्हे सहेजना हम सबका दायित्व–महापौर

### (वार्ड क्र. 11 सत्यम विहार कालोनी में महापौर ने किया वृक्षारोपण)



कोरबा 22 जुलाई 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि पेड़–पौधे, वृक्ष के अस्तित्व से ही हमारे जीवन का अस्तित्व है, पेड़–पौधों के बिना प्राणी मात्र के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, यही हम सबके जीवन के आधार हैं, पेड–पौधों को सहेजना, उनका संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सबका परम दायित्व है।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने सत्यम विहार कालोनी कोरबा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला विग के तत्वाधान में वार्ड क्र. 11 सत्यम विहार कालोनी कोरबा में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के एवं फलदार पौधों को लगाया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि पेड़ पौधों की महत्ता किसी से छिपी नहीं है, पेड़–पौधे ही प्रकृति का संतुलन कायम रखते हैं, वे प्राणी मात्र को आक्सीजन जैसी प्राण वायु देते हैं, वे सभी प्राणियोंा के जीवन के आधार हैं, अधिक से अधिक वृक्षों को लगाना, उनका निरंतर संरक्षण करना, हम सभी का परम दायित्व है, हमें इस दिशा में पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। इस मौके पर उन्होने कहा कि निगम द्वारा 05 जून 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षमित्र अभियान का श्रीगणेश किया गया था, जिसके तहत हजारों की संख्या में पौधों का रोपण किया गया है, इस योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण करने के इच्छुक व्यक्तियों को निगम निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा। उन्होने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे निगम के वृक्षमित्र अभियान से जुड़े तथा निःशुल्क पौधे प्राप्त कर उनका रोपण करें, संरक्षण एवं संवर्धन करें। इस अवसर पर निगम के एम.आई.सी. सदस्य दिनेश सोनी, युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव सुनील जैन, राजेश गर्ग, सुमन केडिया, अर्चना अग्रवाल, सविता अग्रवाल, मंजू केडिया, पुष्पा खेतान, वर्षा खेतान, किरण अग्रवाल, संतोष बसंल, शोभा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, ऋतिक अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अन्नू अग्रवाल, तन्नू अग्रवाल, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ मारवाड़ी युवा एवं महिला विंग के अन्य सदस्यगण व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।